हरिओम का 12 वीं में सर्वोच्च स्थान

केंद्रीय विद्यालय-2 में हिमेश व अवनी त्यागी दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे

● जनवाणी संवाददाता, रुड़की

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रुड़की ने दसवीं व बारहवीं में शत प्रतिशत श्रेष्ठ गुणवत्ता परक परीक्षा परिणाम दिया है ।

विद्यालय के 12वीं के विज्ञान वर्ग में 100 प्रतिशत रिजल्ट आया है। विज्ञान वर्ग में विद्यालय के छात्र हरिओम मिश्रा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है उन्हें 500 में से 473 अंक मिले हैं जो 94.6 प्रतिशत है जबकि विज्ञान वर्ग में ही हिमेश कुमार 92.2 प्रतिशत (461) अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर तथा कुमारी अवनी त्यागी 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही हैं । हरिओम मिश्रा को गणित में 99 तथा अन्य सभी विषयों में 93 या उससे अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। वाणिज्य वर्ग में कुमारी किरण बिष्ट ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार ने शत प्रतिशत परिणाम देने के लिए विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों को बधाई प्रेषित की तथा कहा कि भविष्य में भी यह परंपरा जारी

रहेगी। इसके लिए हर प्रयास करना होगा । उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी बधाई दी तथा कहा कि उनके सहयोग से ही यह संभव हो सका है। हरिओम मिश्रा नेअपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के साथ-साथ अपने अभिभावकों को भी दिया है इसी प्रकार हिमेश एवं अवनी त्यागी ने कहा कि उन्हें शुरू से ही विश्वास था कि वह अच्छे अंक प्राप्त करेंगे। अवनी त्यागी ने कहा कि भविष्य में वह और भी अधिक मेहनत करके और भी अच्छे अंक प्राप्त करना चाहती हैं ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों प्रविंद

सिंह, प्रियंका सिंघल, वंदना सैनी, तृप्ता शर्मा, घनश्याम बादल, भावना शर्मा, विकास शर्मा, हर भगवान सिंह, रीता सिंह प्रवेश कुमार व कमल कुमार आदि ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

स्कॉलर्स एकेडमी रुड़की का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

● जनवाणी संवाददाता, रुड़की

सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं एवं 10 वीं के परीक्षा - परिणाम घोषित हुए, जिसमें हमारे विद्यालय स्कॉलर्स एकेडमी रुड़की का परीक्षा-परिणाम शत -प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्तम अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

अपने विद्यालय के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन देखकर स्कूल के अध्यक्ष श्याम सिंह नागयान, प्रबंधक स्नेह नागयान, प्रधानाचार्या लीना शर्मा एवं शिक्षक गण गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सभी शिक्षक मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्तम अंक प्राप्त किए। विद्यालय की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं ।